भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *58

(जिसका उत्तर मंगलवार, 25 जुलाई, 2023/03 श्रावण, 1945 (शक) को दिया जाना है)

देश पर बकाया विदेशी ऋण

***58 # श्री राम नाथ ठाकुर:**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तारीख के अनुसार देश पर विभिन्न विदेशी बैंकों और संस्थानों का कितना कर्ज बकाया है;

(ख) वर्ष 2020 से देश पर बकाया कर्ज में वर्ष-वार कितनी वृद्धि हुई है;

(ग) आज की तारीख के अनुसार कुल कर्ज पर ब्याज की कितनी राशि अदा की जा रही है; और

(घ) वर्ष 2020 से अन्य देशों से लिए गए कर्ज का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारामन)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

देश पर बकाया विदेशी ऋण के संबंध में श्री राम नाथ ठाकुर द्वारा पूछा गया
दिनांक 25 जुलाई 2023 को उत्तरार्थ राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *58 में संदर्भित विवरण

(क) : दिनांक 31 मार्च 2023 तक, भारत के बकाया विदेशी ऋण का विवरण निम्नानुसार है:

सारणी 1: भारत का बकाया विदेशी ऋण

मद	मार्च 2023 के अंत तक (अ.) (बिलियन अमरीकी डॉलर)
I. **बहुपक्षीय**	**74.84**
क. सरकारी ऋण	63.45
ख. गैर-सरकारी ऋण	11.39
II. **द्विपक्षीय**	**34.57**
क. सरकारी ऋण	27.57
ख. गैर-सरकारी ऋण	7.00
III. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष	**22.26**
IV. अन्य*	**492.99**
सकल बाह्य ऋण स्थिति (I से IV)	**624.65**

स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। अ.:अनंतिम। .

**यह आईएमएफ द्वारा विशेष आहरण अधिकारों के आवंटन को दर्शाता है। वे दीर्घकालिक देनदारियां हैं। इन्हें संकलक और उपयोगकर्ताओं के लिए विदेशी ऋण सांख्यिकी हेतु आईएमएफ के दिशा-निर्देशों के अनुसार सकल विदेशी ऋण स्थिति में शामिल किया गया है।*

***इसमें निर्यात ऋण, वाणिज्यिक उधार, एनआरआई निक्षेप; रुपया ऋण और अल्पकालिक ऋण शामिल हैं।*

(ख) और (ग): वर्ष 2019-20 से भारत के बकाया विदेशी ऋण (जिसमें विशेष आहरण अधिकार आवंटन, मुद्रा और जमा, ऋण प्रतिभूतियां, ऋण, व्यापार ऋण और अग्रिम, अन्य ऋण देनदारियां और प्रत्यक्ष निवेश: अंतर-कंपनी उधार शामिल हैं) की वर्ष-वार राशि और भुगतान किए गए ब्याज का ब्योरा सारणी 2 में है।

सारणी 2: भारत का विदेशी ऋण और विदेशी ऋण पर ब्याज भुगतान *(31मार्च की स्थिति के अनुसार)*

वर्ष (मार्च के अंत तक)	भारत का विदेशी ऋण बकाया (बिलियन अमरीकी डॉलर)	वर्ष के दौरान विदेशी ऋण पर ब्याज भुगतान (बिलियन अमरीकी डॉलर)
2020	558.3	18.63
2021 सं.	573.4	15.41
2022 आ.सं.	619.1	15.13
2023 अ.	624.7	19.66

स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। सं: संशोधित। आ. सं. : आंशिक रूप से संशोधित। अ: अनंतिम।

(घ) वर्ष 2020 से विदेश से प्राप्त ऋण (बकाया) का विवरण निम्नानुसार है:

सारणी 3: भारत को विदेश से प्राप्त ऋण

वर्ष (मार्च के अंत तक)	भारत को विदेश से प्राप्त ऋण (बिलियन अमरीकी डॉलर)
2020	194.2
2021 सं.	191.9
2022 आ.सं.	197.5
2023 अ.	203.1

स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। सं: संशोधित। आ. सं. : आंशिक रूप से संशोधित। अ: अनंतिम।

******